# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Periodic Test 3(Round-1) (2025 – 2026)

**Class : XII** **MM: 20**

**Subject: Hindi** **Time: :1 Hr**

Name: .------------------------------------ Roll No.:__________

सामान्य निर्देशः **सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**प्र01 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

मुक्त करो नारी को, मानव।
चिर बंदिनी नारी को
युग-युग की बर्बर कारा से
जननी, सखी, प्यारी को।
छिन्न करो सब स्वर्ण-पाश
उसके कोमल तन-मन के,
वे आभूषण नहीं, दाम
उसके बंदी जीवन के।
उसे मानवी का गौरव दे
पूर्ण साथ दो नूतन,
उसका मुख जग का प्रकाश हो,
उठे अध अवगुंठन।
मुक्त करो जीवन, संगिनि को
जननि देवि को आद्दत
जगजीवन में मानव के संग
हो मानवी प्रतिष्ठित
प्रेम स्वर्ग हो धरा, मधुर
नारी महिमा से मंडित,
नारी-मुख की नव किरणों से
युग-प्रभात हो ज्योतित।

बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर-

1. कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1)

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| 1. बंदिनी | (i) मानव के संग |
| 2. बर्बर | (ii) नारी |
| 3. जनजीवन | (III) कारा |

विकल्प -

(क) 1-(1), 2-(1), 3-(III)

(ख) 1-(III), 2-(II), 3-(i)

(ग) 1-(II), 2-(III), 3-(i) (घ) 1-(i), 2-(III), 3-(II)

2. कवि नारी के आभूषणों को किस रूप में देखता है? (1)

(क) अलंकरण के साधन के रूप में (ख) नारी की अपनी संपत्ति के रूप में

(ग) नारी की स्वतंत्रता की कीमत के रूप में (घ) नारी की पारंपरिक धरोहर के रूप में

3. काव्यांश में कवि ने नारी के किन रूपों का उल्लेख किया है ? (1)

(क) जन्मदात्री माँ के रूप का (ख) सखी सहेली के रूप का

(ग) प्रियतमा रूप का (घ) क, ख, ग तीनों

लघु उततरीय प्रश्नोत्तर-

4. कवि नारी को किन दो गरिमाओं से मंडित करा रहा है और क्या कामना कर रहा है ? (2)

**प्र02 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

**क)** 'विप्लव–रव से छोटे ही शोभा पाते' पंक्ति में विप्लव–रव से क्या तात्पर्य है ? छोटे ही है शोभा पाते ' ऐसा क्यों कहा गया है ? (3)

**अथवा**

'अस्थिर सुख पर दुख की छाया' पंक्ति में ' दुख की छाया' किसे कहा गया है और क्यों ?

**ख)** 'बादल राग' कविता में कवि ने अट्टालिका को 'आतंक भवन' क्यों कहा है ? (2)

**प्र03 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

**क)** शिरीष को 'कालजयी अवधूत क्यों कहा गया है ? (2)

**ख)** 'हृदय की कोमलता को बचाने के लिए व्यवहार की कठोरता भी कभी–कभी जरूरी हो जाती है।'' शिरीष के फूल' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (3)

**अथवा**

शिरीष के विषय में कालिदास और हजारीप्रसाद द्विवेदी जी के विचारों के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

**प्र04 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

**क)** उल्टा पिरामिड शैली किसे कहते हैं ? उल्टा पिरामिड शैली में समाचार लेखन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए। (3)

**अथवा**

समाचार किसे कहते हैं ? समाचार के ककारो पर प्रकाश डालिए।

**ख)** 'डेडलाइन' का क्या आशय है ? (2)

———000———